# अखिल भारतीय प्रजापति (कुम्भकार) महासंघ (रजि.)

**विषय : दिनांक 13/03/2021 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति** की **सम्पन्न** बैठक का वृतांत

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की उपर्युक्त बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री आर बी के प्रजापति** की अध्यक्षता में संपन्न हुई और बैठक का संचालन राष्ट्रीय मुख्य महा सचिव **श्री मनोज प्रजापत सी ए** द्वारा किया गया I बैठक का संचालन कार्य सूची के अनुसार किया गया I

सर्व प्रथम **श्री मनोज प्रजापति CA (राष्ट्रीय मुख्य महासचिव)** द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया और वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों को मंच पर आमंत्रित करके दीप प्रज्वलन की रस्म पूरी करने के साथ विधिवत बैठक की शुरुवात की I इसके साथ ही गुजरात युवा टीम ने सभी मेहमानों का स्वागत सम्मान किया।

**श्री मनोज प्रजापति CA** ने स्वर्गीय **श्री गोविन्द भाई प्रजापति** के सुपुत्र **श्री विजय भाई** को मंच पर आमंत्रित कर सम्मान प्रदान किया I

**श्री मनोज प्रजापति** जी के अनुरोध पर सभी सदस्यों ने दो मिनट के मौन के साथ खड़े होकर समाज की दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की I

इसके उपरांत **श्री मनोज प्रजापति CA** के अनुरोध पर **श्री विजय प्रकाश प्रजापति (राष्ट्रीय महासचिव)** ने गान्धीनगर गुजरात में दि. 25/08/2019 को सम्पन्न मीटिंग के वृतांत पढ़कर सुनाया और उनके अनुरोध पर सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर मीटिंग के वृतांत को पारित किया।

**श्री मनोज प्रजापति CA** ने प्रस्ताव रखा कि महासंघ के विरुद्ध गोवर्धन भाई चौहान द्वारा दायर कोर्ट केस के लिए मुंबई से एडवोकेट **अक्षिता प्रजापति** और दिल्ली से एडवोकेट **जगन्नाथ सिंह प्रजापति** को नियुक्त किया जाये। इस प्रस्ताव को सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर पारित किया।

**श्री मनोज प्रजापति CA** के अनुरोध पर **श्री भैरूलाल प्रजापति (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष)** ने महासंघ का वर्ष 2019-20 का लेखा जोखा ( Balance Sheet) पढ़कर सुनाया जिसे सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर पारित किया। इसके साथ ही महासंघ की उत्तर प्रदेश इकाई के बैंक अकाउंट को बंद करके महासंघ की गतिविधियों के संचालन के लिए नया खाता खोलने का प्रस्ताव रखा जिसे सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर स्वीकृति प्रदान की।

**श्री भेरुलाल जी** ने इसके अलावा , **"पी एम केयर फंड" ( रू. 5 ,00,000/-)** में सहयोग , कोविड के दौरान विभिन्न प्रदेशों के जरूरतमंद सदस्यों की आर्थिक सहायता (रू 1 ,50,000/-) एवं मैनपुरी हत्याकांड में पीड़ित प्रजापति परिवार के लिए (रू 1 ,01,000/-) आर्थिक सहयोग आदि का विवरण एक पत्रक के रूप में मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों को वितरित किया और इसमे से बची हुई राशि ( रु. 10,053/-) को बैलेंस शीट में आय के रूप दिखाया I इसके अलावा महासंघ द्वारा प्रकाशित **हैंड बुक की लागत , विज्ञापन एवं विक्रय से प्राप्त राशि आदि का** विवरण भी सदस्यों को वितरित किया I

**श्री भेरुलालजी** ने मुंबई में महासंघ कार्यालय के लिए खरीदे गए फ्लैट की कीमत , आर्थिक योगदान देनेवाले सदस्यों की सूची एवं धनराशि आदि का भी सम्पूर्ण विवरण सभी सदस्यों को जानकारी हेतु वितरित किया I

**श्री मनोज प्रजापति CA** के अनुरोध पर **श्री उमाशंकर प्रजापति (राष्ट्रीय अतिरिक्त मुख्य महासचिव )** ने संविधान में प्रस्तावित संशोधनों की संछिप्त जानकारी देते हुये एक एक करके सदस्यों के समक्ष रखा और उन्हे अनुमोदित करने का निवेदन किया I सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर सभी संशोधनों का अनुमोदन किया I

**श्री मनोज प्रजापति CA** ने कोविड के कारण जनरल बाडी की बैठक न आयोजित करने के कारण राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति से अनुमोदित संशोधनों को स्वीकार करने के लिए निवेदन किया जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया I **श्री उमाशंकर प्रजापति** ने आगे बताया कि इन सभी संशोधनों का समावेश संविधान के आगामी हिन्दी संस्करण-2021 में कर दिया जायेगा I इन संशोधनों की सूची अँग्रेजी संविधान के लिए एक परिशिष्ट के रूप में अलग से प्रकाशित की जायेगी I

**श्री भंवरलाल पाटर** ने बीच में अपनी बात रखी कि प्रदेश अध्यक्ष को संभाग अध्यक्ष चुनने का अधिकार होना चाहिए। इस बारे में श्री मनोज प्रजापति जी ने इस विषय में आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया **I**

**श्री लूनचन्द सिनावाड़िया** ने कहा कि सभी नियुक्तियां राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय मुख्य महासचिव की अनुमति से ही हो। उन्होने आगे कहा कि नियुक्ति करते समय सभी ग्रुप के लोगों को प्रतिनिधित्व देना चाहिये I श्री मनोज प्रजापति जी ने इस सलाह के संबंध आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया I

**श्री मनोज प्रजापति CA** कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुये सदस्यों को अपने विचार रखने लिये आमंत्रित किया I

**श्री रामदयाल प्रजापति(मध्य प्रदेश)**: ने प्रादेशिक पदाधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में कुछ सुझाव देने के साथ संगठन में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने पर बल दिया I **श्री मनोज प्रजापति CA** ने बताया कि यह प्रस्ताव अच्छा है और संविधान में पहिले से ही महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रावधान किया गया है I

**श्री लूनचन्द सिनावाड़िया**: उन्होने समाज की प्रगति के लिए शिक्षा के महत्व को आवश्यक बताते हुए उड़ीसा, बिहार जैसे राज्यों में बच्चों के लिए छात्रावास बनाने पर बल दिया I उन्होने इस बारे में सदस्यों से आर्थिक सहयोग करने का आवाहन करते हुए अपनी तरफ से सरकारों द्वारा आवंटित भूमि पर छात्रावास बनाने पर रुपये 51,000/- का आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की I

**श्री शिवप्रकाश प्रजापति (पाली, राजस्थान)**: राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति में युवाओं को शामिल करने पर बल दिया

**श्री इन्द्र लाल प्रजापति (अहमदाबाद):** उन्होने सुझाव दिया कि समाज के छात्रावासों में जगह खाली रखने की बजाय दूसरे समाज के बच्चों को भी अवसर देना चाहिए ।

**श्री मनोज प्रजापति CA** ने बताया कि इस क्षेत्र में मिट्टी के बर्तनों और सामानों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी एवं कलाकृति सम्मेलन किया जायेगा।

**श्री श्रेयांस प्रजापति (पालनपुर, गुजरात) प्रदेश युवाध्यक्ष** ने राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री RBK प्रजापति** का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। गुजरात युवा टीम ने मंच पर बैठे हुए सभी महानुभावों का स्वागत किया।

**श्री नन्दलाल प्रजापति (कोटा) (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष):** उन्होने महासंघ को अपने समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार से आर्थिक अनुदान प्राप्त करने के लिए कोशिश करनी चाहिए

**श्री स्वामी (कर्नाटक ):** श्री स्वामी ने अपने विचार अँग्रेजी में व्यक्त किये जिसका भाव निम्न रूप में था I
" मैं गुजरात प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित प्रोग्राम से बहुत ही प्रसन्न एवं संतुष्ट हूँ I मैं इस बात से अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ कि हमारे समाज के सदस्यों के लाभ के लिये यह शानदार प्रोग्राम का आयोजन हमारे गुजरात के भाइयों द्वारा किया गया I उन्होने आवाहन किया कि महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए हमारे समाज के लोग आगे आकर हमरे समाज के जरूरतमंद भाइयों की मदत करें I "

**English Version** :

"He was happy and satisfied to see the way the entire program has been organized. He appreciated the Gujarat State Unit for organising the magnificient program for the benefit of our community. He desired that our community members occupying high positions in Government departments should come forward and help our needy community members."

**श्री अजय कुमार प्रजापति** ने संशोधनों से सम्बंधित सुझाव रखा जिसे अगले संशोधनों के समय विचार किया जाएगा I संबंधित सदय से लिखितरूप में अपना सुझाव केंद्रीय कार्यालय को भेजने का अनुरोध किया गया I

**श्री रमेश जी. (केरल):** मैं गुजरात प्रदेश यूनिट द्वारा मीटिंग के लिए किए गए प्रबंधन कार्यों से बहुत ही प्रभावित हूँ I उन्होने सुझाव दिया कि महासंघ बच्चों की पढ़ाई एवं बेटियों की शादी में आर्थिक सहयोग देने के लिए एक सहयोग ग्रुप बनाया जाए I

**श्री कानाराम एणिया (जालौर, राजस्थान):** मीटिंग के लिए गुजरात प्रदेश यूनिट का धन्यवाद करते हुये हर जगह सामाजिक बच्चों के लिए छात्रावास बनाने के लिए विशेष प्रयत्न करना चाहिए I उन्होने जालौर जिले में छात्रावास बनाने के लिए सहयोग करने की बात का जिक्र किया I

**श्री राजेश चक्रवर्ती (भोपाल):** राष्ट्रीय अध्यक्ष से प्रेरणा लेकर मैं समाज के प्रत्येक सदस्य को अपना भाई समझता हूँ I उन्होने प्रदेशों में स्थानीय समितियां बनाकर समाज के लोगों की सेवा करने का संकल्प लेने का आवाहन किया I उन्होने महिला समितियों के शीघ्र गठन की बात पर बल दिया I

**श्री दत्ता जी कुंभार (महाराष्ट्र):** श्री दत्ताजी ने महाराष्ट्र में माटीकला विकास बोर्ड द्वारा किए गए कार्यों पर रोशनी डाली I उन्होने आगे बताया कि मूर्ति पर लगर बैन को हटवाया और 27 हजार गरीब कुंभारों को मिट्टी के बर्तन एवं अन्य सामान बनाने के लिए सहयोग दिया गया। उन्होने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी माटीकला बोर्ड का गठन होना चाहिए I उन्होने बताया कि मिट्टी से बने सामानों की प्रदर्शनी और कुंभारों को मुफ्त ट्रेनिंग के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

**श्री राम दयाल प्रजापति (भोपाल) (पूर्व अध्यक्ष, माटीकला बोर्ड)**: महासंघ के प्रयत्न से गठित माटी कला बोर्डों कि कार्यप्रणाली पारदर्शी होनी चाहिए और इस बारे में महासंघ को पहल करनी चाहिए I

**डॉ. वरदानी प्रजापति (दिल्ली):** उन्होने सुझाव दिया की हमारे संगठन से अवांछित तत्वों को हटा देना चाहिये I उन्होने सलाह दी कि हमें अपने समाज के महा पुरुषों को याद करके उनसे प्रेरणा लेनी चाहिये I उन्होने आधुनिक शिक्षा के साथ साथ बच्चों को समाज से संबंधित ऐतिहासिक जानकारी देने कि पहल I

**धर्माचार्य महेन्द्र जी (गुजरात)** ने महासंघ की आध्यात्मिक प्रगति करने पर बल दिया I उन्होने कहा कि प्रजापति समाज ने शिक्षा और आर्थिक क्षेत्र में विकास किया है और हमें इसे और आगे बढ़ाना है।

**प्रो. आर. सी. लिम्बा जी (प्रदेश अध्यक्ष, हरियाणा)**: उन्होने देश के विभिन्न भागों में रहने वाले प्रजापति समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए महासंघ की प्रशंसा की I उन्होने आगे कहा कि समाज को शैक्षणिक एवं राजनैतिक रूप से मजबूत बनने की आवश्यकता है I राजनैतिक रूप से कमजोर होंने के कारण हमे हमार हक नहीं मिल पता है I हमे इन बातों पर ध्यान देने कि आवश्यकता है I

**श्री महेन्द्र मावर (जोधपुर):** राजस्थान में संगठन के विस्तार के बारे में बताया कि 33 में से 25 जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। यह एक निश्चित रूप से प्रसंशनीय उपलब्धि है I उन्होने वेबसाइट **"कुम्हार डाइरेक्टरी"** में उपलब्ध जानकारियों से लाभ लिया जा सकता है I इनमें ठहरने के लिए उपलब्ध धर्मशाला , कोटा शहर में रहने खाने की व्यवस्था करने वाले 10 लोगों के नाम आदि उपलब्ध हैं I

**श्री श्रेयांस प्रजापति (गुजरात प्रदेश, युवा अध्यक्ष)** ने सलाह दी कि सदस्य बनाने कि प्रक्रिया को Online करना चाहिये जिससे नए सदस्य जोड़ने में सहूलियत होगी I **श्री मनोज प्रजापत** जी ने इस बारे में तुरंत निर्णय लेने का आश्वासन दिया I

**कुमारी धरती प्रजापति (गुजरात)**: **धरती प्रजापति** ने महासंघ कि बैठकों की भूमिका पर प्रसन्नता व्यक्त की और इनसे प्रेरणा लेकर भविष्य में अपने समाज की सेवा करने का संकल्प लिया I उन्होने आगे कहा कि मैंने अपने जीवन में कई गोल्ड मेडल जीते हैं पर अब मैं अपने समाज के लिए कुछ करना चाहती हूँ I

**श्री लक्ष्मण प्रजापति (कुशीनगर, उत्तर प्रदेश):** उन्होने सलाह दी कि महासंघ को एक ट्रस्ट बना देना चाहिये जिससे कि डोनेशन देने पर आयकर में छूट मिल सके और ज्यादा से ज्यादा लोग आगे बढ़ कर महासंघ को आर्थिक सहयोग दे सकें। उन्होने महासंघ से जुड़े सदस्यों के पढे लिखे बच्चों का डाटा तैयार करने कि सलाह दी और सरनेम में प्रजापति शब्द का उपयोग करने की सलाह दी ।

**महासंघ के मुंबई कार्यालय** के लिए सभी 62 दान दाताओं का मंच पर बुलाकर सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन समाज के कुछ दिशाभ्रमित सदस्यों के भ्रम को दूर करने के लिए किया गया था I

**श्री विशाल वर्मा (राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष)** ने युवा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को मंच पर आमंत्रित कर सबका सम्मान किया। साथ में महिला युवा सदस्यों एवं गुजरात प्रदेश के युवा पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। युवा पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये और सुझाव भी दिये।

**श्री राम दयाल प्रजापति** ने राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री RBK प्रजापति** एवं **श्री मनोहर भाई प्रजापति** (मेहसाणा) को सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया एवं अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने नौजवानों का काफी उत्साह बढ़ाया और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए ज़ोर दिया।

**श्री मनोहर भाई प्रजापति (गुजरात प्रदेश अध्यक्ष)**: मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ की मीटिंग गुजरात में आयोजित करने का अवसर मिला। श्री दिनेश भाई अनावाडिया को श्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा का सदस्य बनाया, और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। आप सब हमारे मेहमान हैं। आपने मुझे प्रदेश अध्यक्ष बनाया, लेकिन मैंने अब तक कोई बड़ा काम नहीं किया था। मेरे एक्सीडेंट के कारण मैं शारीरिक रूप मे कमजोर हो गया था I सबके बावजूद मैंने यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया और आगे भी मैं महासंघ का काम करने के लिए तत्पर रहूंगा। मुझे ईश्वर और खुद पर विश्वास है।

**श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष)**: आज के इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के निमित्त जो एजेंडा बनाया गया था, उसी के अनुरूप और शान्ति पूर्ण ढंग से पूरा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसका श्रेय श्री मनोहर भाई प्रजापति, श्रेयांस प्रजापति और उनकी टीम को जाता है। आज भी देश में **कोरोना** का भय है, इसके बावजूद इतना भव्य कार्यक्रम शान्ति पूर्वक कराया गया। कुछ लोगों ने महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रस्ताव रखा है। यह ठीक है, लेकिन हमारे संविधान में युवाओं एवं महिलाओं के लिए पहले से ही उचित प्रावधान है। 40 वर्ष तक की उम्र के लोगों को युवा ही माना जाता है और वे आगे बढ़कर समाज सेवा का संकल्प ले सकते हैं। महासंघ का चुनाव कराने में भी काफी खर्च होता है। पिछला चुनाव भी कुछ लोगों की वजह से मजबूरी में कराना पड़ा। मुझे पद की लालसा नहीं है। मैं तो चाहता था कि आज की मीटिंग की अध्यक्षता अन्य कोई करे। परन्तु ऐसा नहीं हो सका। संस्था में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को कवर करते हुए 16 प्रकोष्ठ (समितियां) बनाए गए हैं। मुझे विश्वास है कि इन समितियों के पूर्ण रूप से गठन के बाद समाज के हर सदस्य को लाभ मिलेगा I सदस्यों से मेरा निवेदन है कि आप अपने सुझाव लिखित में कार्यालय में भेज दीजिये। हमारी कमेटी उन पर उचित निर्णय लेगी।

**श्री मनोहर भाई प्रजापति** ने सबका आभार माना। इस तरह मीटिंग सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।

**विजय प्रकाश प्रजापति**

राष्ट्रीय महासचिव

**मनोज प्रजापति CA**

राष्ट्रीय मुख्य महा सचिव